महरौली पुलिस स्टेशन के अधीन भूमि का अधिग्रहण

3449. श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महरौली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा की बहुत सी भूमि पर कब्जा करने के बाद उसे बेच दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(घ) उन अधिकारियों के नाम क्या है जिनके विरुद्ध ऐसी कार्यवाही की गई है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरूणाचलम) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभापटल पर रख दी जाएगी।

हिमाचल प्रदेश में मल व्ययन योजना

3450. श्री महेश्वर सिंह : क्या **शहरी विकास** मंत्री 8 मई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1572 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मल व्ययन परियोजना सहित अन्य शहरी विकास परियोजनाओं के संबंध में सचिव, शहरी विकास मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ किन-किन क्षेत्रों का दौरा किया और इस दौरान कौन-कौन सी परियोजनाओं के बारे में चर्चा की गई ;

(ख) क्या उस दौरे के पश्चात हिमाचल प्रदेश सरकार ने कतिपय परियोजनाओं को केन्द्र सरकार के पास आर्थिक सहायता के अनुरोध के साथ भेजा है; और

(ग) यदि हां, तो उन परियोजनाओं के नाम क्या हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरूणाचलम) : (क) सचिव, शहरी विकास मंत्रालय ने कुल्लू का दौरा किया था तथा विश्व बैंक की सहायता के लिए हिमाचल प्रदेश शहरी विकास परियोजना और हिमाचल प्रदेश के छोटे तथा मध्यम दर्जे के कस्बों की एकीकृत विकास की योजना पर राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया था।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सरकारी आवासों का कुल क्षेत्र

3451. श्री अनन्त राम जायसवाल : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के प्रत्येक सदस्य का सरकारी आवास कुल कितने वर्ग मीटर क्षेत्र में बना हुआ है

(ख) सरकारी आवासों में रह रहे पूर्व मंत्रियों और पूर्व सांसदों के नाम क्या हैं और उनमें से प्रत्येक का आवास कुल कितने वर्ग मीटर क्षेत्र में बना हुआ है; और

(ग) प्रत्येक से कितना किराया वसूल किया जा रहा है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरूणाचलम) : (क) भूमि क्षेत्र वर्गमीटरों में जिस पर मंत्रिपरिषद् के प्रत्येक सदस्य का सरकारी वास बना

हुआ है को दर्शाने वाला विवरण–I संलग्न है।(नीचे देखिये)

(ख) पूर्व मंत्रियों और पूर्व सांसदों, जो अनधिकृत रूप से साधारण पूल वास में रह रहे है और भूमि क्षेत्र वर्ग मीटरों में जिस पर प्रत्येक का वास बना हुआ है, के ब्यौरे दर्शाने वाला विवरण –II संलग्न है। (नीचे देखिये)

(ग) पूर्व मंत्रियों/पूर्व सांसदों से नियमों के अनुसार अनधिकृत दखल की अवधि के लिए लाइसेंस फीसे क्षति पर मे वसूल की जाती है।

विवरण–I

भूमि क्षेत्र (वर्गमीटरों में) जिस पर मंत्रिपरिषद् के प्रत्येक सदस्य का सरकारी वास बना हुआ है।

नाम सर्वश्री।	पद	वर्तमान वास	क्षेत्र (वर्ग-मीटर में)
1	2	3	4
सर्वश्री मनमोहन सिंह	वित्त	8, कृष्णा मैनन मार्ग (टाईप–VIII)	12464.33
बलराम जाखड़	कृषि	11, रेस कोर्स रोड (टाईप–VIII)	6879.66
अर्जुन सिंह	मानव संसाधन	1, रेस कोर्स रोड (टाप–V.II)	9229.44
श्रीमती शीला कौल	शहरी विकास	9, मोती लाल नेहरू मार्ग टाइप–VIII)	9307.77
मो० के० जाफर शरीफ	रेलवे	17, अकबर रोड (टाइप–VIII)	9024.50
बी० शंकरानन्द	पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस	8, तीस जनवरी मार्ग (टाइप–VIII)	13597.45
विजय भास्कर रेड्डी	विधि, न्याय और कम्पनी मामले	3, मुनेहरी बाग रोड (टाइप–VIII)	6474.97
शरद पवार	रक्षा	5, जनपथ (टाइप–VIII)	11250.27
गुलाम नबी आजाद	संसदीय मामले	22, अकबर रोड (टाइप–VIII)	1129.74
सीता राम केसरी	कल्याण	एबी–7, पुराना किला रोड (टाइप–VII)	1497.33
एम०एल०फोतेदार	स्वास्थ्य एवं परिवार	5, कुशक रोड (टाइप–VIII)	8093.72
एम० बी० चव्हाण	गृह मंत्रालय	4, के० एम० मार्ग	12464.33
माधव राव सिंधिया	नगरीक उड्डयन तथा पर्यटन	27, सफदरजंग रोड (टाइप–V.II)	11735.89
बी०सी०शुक्ला	जल संसाधन	7, जनपथ (टाइप–VIII)	13597.44
अजीत कुमार पांजा	सूचना और प्रसारण	17, विंडसर प्लेस (टाइप–IV) एम पी पूल	2589.99

1	2	3	4
अशोक गहलोत	कपड़ा	3, त्याग राज मार्ग (टाइप–VIII)	8053.25
राजेश पाइलेट	संचार	10, अकबर रोड (टाइप–VIII)	9024.50
जगदीश टाइटलर	भूतल परिवहन	2, अकबर रोड (टाइप–VIII)	10926.52
गिरधर गोमांगो	खाद्य परिष्करण उद्योग	108, 109, 110 बी पी हाउस	हास्टल आवास
तरुण गोगई	खाद्य	13, तालकटोरा रोड (टाइप–VI)	3763.57
बलराम सिंह यादव	खान	23, तुगलक रोड (टाइप–VIII)	7689.08
पी० ए० संगमा	कोयला	15 सफरजंग रोड (टाइप–VIII)	7082.00
कमल नाथ	पर्यावरण गंभीर वन	7, तुगलक रोड (टाइप–VII)	7850.91
कल्पनाथ राय	ऊर्जा	36, औरंगजेब रोड (टाइप–VIII)	8053.25
संतोष मोहन देव	इस्पात	15, अशोका रोड (टाइप–VIII)	6394.03
एच०आर०भारद्वाज	विधि, न्याय एवं कम्पनी मामले	14, तुगलक रोड (टाइप–VIII)	7162.94
सुख राम	योजना और कार्यक्रम क्रियान्वयन और अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत	12, सफदरजंग लेन (टाइप–VII)	9182.12
एस०कृष्ण कुमार	पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस	19, तीन मूर्ति मार्ग (टाइप–VIII)	5746.54
एम०रामाचन्द्रन	कृषि	4, साउथ एवन्यू लेन (टाइप–VII)	4856.23
शान्ताराम पोटदुखे	वित्त	10, अशोका रोड (टाइप–VIII)	6677.32
कु० ममता बैनर्जी	युवा मामले और खेल एच आर डी)	5, अशोका रोड (टाइप–VIII)	7365.28
चिन्ता मोहन	रसायन और उर्वरक	1, सरकुलर रोड (टाइप–VIII)	2023.43
कमालुद्दीन अहमद	नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण	9, अशोका रोड (टाइप–VIII)	6677.32
रामेश्वर ठाकुर	वित्त	1, सुनहरी बाग रोड (टाइप–VIII)	5260.91
दलबीर सिंह	वित्त	12, सफदरजंग रोड (टाइप–VIII)	7082.00
एम ओ एस फारुख	नागरिक उड्डयन	20, तुगलक रोड (टाइप–VII) क्रिसेन्ट	6151.23
जी वेन्कटस्वामी	ग्रामीण विकास	2, जन्तर मन्तर रोड (टाइप–VIII)	8700.74

1	2	3	4
के० सी० लेंका	कृषि	5, बी आर महेता लेन टाइप–VII)	2670.92
उत्तमभाई पटेल	ग्रामीण विकास	17, तीन मूर्ति मार्ग (टाइप–VII)	6515.44
श्रीमती तारा देवी	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	6, अकबर रोड (टाइप–VIII)	10481.37
पी० जे० कुरयन	उद्योग (लघु उद्योग एग्रो एवं ग्रामीण उद्योग)	ए बी–77, शाहजहां रोड (टाइप–VII)	809.37
पी० के० थुंगन	उद्योग (भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम विभाग)	ए बी–3, पंडरा रोड (–वही–)	1447.33
श्रीमती मारग्रेट अलवा	कार्मिक, लोक शिकायत एवं पैंशन	23, अशोका रोड टाइप–VIII)	7122.47
एम० एम० जैकब	संसदीय कार्य	4, कुशक रोड (टाइप–VIII)	6636.83
पी० आर० कुमारमंगलम	संसदीय कार्य और इलेक्ट्रानिक्स, समुद्र विकास	14, डा० बी० डी० मार्ग टाइप–VI)	2873.87
एम० अरूणाचलम	शहरी विकास	10, रायसिना रोड	5948.88
एडवरो फैलेरो	विदेश कार्य	6, जनपथ	11128.86
एम० मल्लिकार्जुन	रेलवे	60, लोधी एस्टेट (टाइप–VII)	3358.89
श्रीमती कृष्णा साही	औद्योगिक विकास	22, विलंगडन क्रिसेंट (टाइप–VII)	3197.02
कनर्ल राम सिंह	बंजर भूमि	सी–1/20, पंडारा पार्क	900.00
आर० एल० भाटिया	विदेश कार्य	2 तीन मूर्ति लेन (टाइप–VII)	2751.86
श्रीमती सुखवंस कौर भिंडर	पर्यटन	19, सफदरजंग रोड (टाइप–VIII)	7082.00
श्रीमती गिरिजा व्यास	सूचना और प्रसारण	ए०बी–96, शाजहां रोड (टाइप–VII)	809.37
सलमान खुर्शीद	वाणिज्य	2, मोती लाल नेहरू प्लेस (टाइप–VIII)	15378.06
पवन सिंह घटोवर	श्रम	9, तीन मूर्ति मार्ग (टाइप–VII)	5665.60
एस० बी० नयमे गोडा	कोयला	9, तीन मूर्ति लेरू दोइप–VII)	4006.39
पी० वी० रंगा नायडू	संचार	24, विलंगडन क्रिसेन्ट (टाइप–VII)	3197.03
सुश्री कमला कुमारी	कल्याण	5, तुगलक रोड	7934.08
राम लाल राही	गृह मंत्रालय	47, लोधी एस्टेट (टाइप–VI) (एम पी पूल)	2873.27
कु० शैलजा	शिक्षा एवं संस्कृति	––	

विवरण-II

उन भूतपूर्व मंत्रियों/भूतपूर्व संसद सदस्यों के नाम तथा पते जो साधारण पूल वास के अनधिकृत हकदार हैं उसके प्रत्येक के वास की भूमि का क्षेत्र (वर्गमीटरों में) जिसमें वह अवस्थित है

नाम	भूमि क्षेत्र वर्ग-मीटर में	बंगला नं०
सर्वश्री		
श्रीमती विजयन्तीमाला दाली	3590.00	76, लोदी एस्टेट
श्री दिनेश सिंह	13592.44	1, त्यागराज मार्ग
श्री वसन्त पी० साठे	13476.00	2, के० एम० मार्ग
श्रीमती आर० के० वाजपेई	12626.00	6, अशोका रोड
श्री हर मोहन धवन	1861.55	11, तीन मूर्ति लेन
श्री थुम्बी दुरई	7689.03	25, तुगलक रोड

Investment by NRI in Housing and Estate Sector

8452. SHRI KRISHAN KUMAR BIRLA: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the scheme seeking large scale investment by Non-Residente Indians in housing and.real estate sectors has been pending since long;

(b) if so, whether Government have not approved the Scheme so far;

(c) if so, the reasons therefor; and

(d) by when it is likely to be approved' and implemented?

THE MINISTER OF STATE IN THE-MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI M. ARUNACHA-CHALAM): (a) to *(d)* Pursuant to the announcement made in the Budget for 1991-92 regarding encouragement to NDI investment, the Government is engaged in formulating a scheme for encouraging investment by NDIs in housing and real estate sectors. This process involves a lot of discussions with various Ministries and agencies^ and hence may take some time to take effect.

हिमाचल प्रदेश में पेयजल

3453. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन कस्बों के नाम क्या हैं जहां स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु हिमाचल प्रदेश सरकार ने अनुदानों की मांग की है; और

(ख) उन कस्बों के नाम क्या हैं जिनकी योजनाओं हेतु वर्ष 1992-93 में उक्त अनुदान में से निधि उपलब्ध कराई गई है और प्रत्येक योजना हेतु उपलब्ध कराई गई निधियों का ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरूणाचलम) : (क) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, राज्य सरकार ने बाह्य सहायता के लिये 57.3